# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमाक : परीक्षा–1 / सैल– 8 / 2026 / 333 दिनांक :– 25/8/2026

बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त समस्त विद्यालय /
अग्रेषण अधिकारी / नोडल केन्द्र प्रभारी
राजस्थान।

महोदय / महोदया,

माध्यमिक / उच्च माध्यमिक मुख्य परीक्षा–2027 के परीक्षार्थियों के भरे हुए बारकोड युक्त आवेदन–पत्रों को चालान सहित नोडल केन्द्रों पर <u>दिनांक 10.09.2026 तक</u> जमा करवाने हेतु निम्नानुसार निर्देशों का पालन करे। निम्न प्रकार के बारकोड युक्त आवेदन–पत्रों को ही नोडल केन्द्रों पर जमा कराया जाना हैं।

1. माध्यमिक परीक्षा एवं प्रवेशिका परीक्षा के **नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के बारकोड युक्त समस्त आवेदन पत्र।**
2. <u>उच्च माध्यमिक परीक्षा (कला / वाणिज्य / विज्ञान / कृषि वर्ग) एवं वरिष्ठ उपाध्याय</u>
   - (अ) **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के समस्त बारकोड युक्त आवेदन–पत्र।**
   - **(ब) नियमित परीक्षार्थियों के केवल CWSN वर्ग, टोकन शुल्क रू.50 /– वाले परीक्षार्थी एवं केटेगरी–II,IV,VI,VIII, IX के बारकोड युक्त आवेदन पत्र।**
   - **(स)** अन्य बोर्ड से कक्षा–10 उत्तीर्ण करने पश्चात् **पात्रता–प्रमाण–पत्र के आधार पर** परीक्षा–2027 में कक्षा–12 में प्रविष्ठ होने वाले परीक्षार्थियों के बारकोड युक्त आवेदन पत्र।

**विशेष : –**

1. बारकोड युक्त आवेदन–पत्र नोडल केन्द्र पर दिनांक 10.09.2026 तक जमा नहीं कराने पर नियमानुसार शास्ति शुल्क देय होगी।
2. कक्षा–12 के उपरोक्त आवेदन–पत्रों को छोड़कर शेष नियमित परीक्षार्थियों के बारकोड युक्त आवेदन पत्र विद्यालयों द्वारा नोडल केन्द्रों पर जमा नहीं करवाये जाने है।
3. यदि किसी विद्यालय ने उच्च माध्यमिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय के बारकोड युक्त आवेदन पत्र नोडल पर जमा करवा दिये है तो ऐसे बारकोड युक्त आवेदन–पत्रों को पोर्टल से दिनांक 05.09.2026 तक डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रखे।
4. समस्त विद्यालय कक्षा–12 के भरे हुए बारकोड युक्त समस्त आवेदन–पत्र की हार्ड कापी व Soft Copy (Hard Disk/ Pendrive) में अपने पास सुरक्षित रखेगें एवं बोर्ड द्वारा मांगे जाने पर बोर्ड को उपलब्ध कराऐंगे।
5. किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु विद्यालय को बारकोड युक्त आवेदन–पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

मुख्य नियन्त्रक (परीक्षा)

प्रतिलिपि : संयुक्त निदेशक / समस्त जिला शिक्षा अधिकारी / मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य नियन्त्रक (परीक्षा)

कृपया पत्र व्यवहार सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर –305001 के नाम सम्बोधित कीजिए।
कन्ट्रोल रूम दूरभाष नं. 0145 – 2632866, 2632867, 2632868
* E-mail :ddexamfirst@gmail.com